हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

10 बस स्टैंड पर शौचालय में लघुशंका करने पर वसूले जा रहे 5 रुपये



10 अटेली सीएचसी में हुई तीसरी सीजेरियन डिलीवरी



## खबर संक्षेप

### ससुराल के लिए निकली विवाहिता बेटे सहित लापता

**कनीना।** ससुराल जाने के लिए घर से निकली विवाहिता अकस्मात लापता हो गई। इस बारे में विद्या देवी ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री को तीन साल के बच्चे के साथ दौंगड़ा से कंवाली जाने के लिए बस में बैठाया था। जो अब तक अपनी ससुराल नहीं पहुंची है। चिंतित परिजनों ने अपने स्तर उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर संगोष्ठी आज

**सतनाली मंडी।** महान विरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती के अवसर पर भगवान श्रीपरशुराम पार्क में बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का आयोजन भगवान श्रीपरशुराम वेलफेयर सोसायटी द्वारा सायं चार बजे किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोसायटी के निवर्तमान प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने संगोष्ठी में महान विरांगना को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने को प्रेरित किया जाएगा।

### भीमसिंह बने प्रधान शुभम बने उप प्रधान

**नांगल चौधरी।** हरियाण पत्रकार संघ के जिला प्रधान प्रदीप बालरोड़िया की अध्यक्षता में नांगल चौधरी इकाई के पत्रकारों की बैठक हुई। जिसमें संघ के जिला संरक्षक आनंद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान नांगल चौधरी इकाई का चुनाव करने के बाद उन्हें विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि सीनियर पत्रकार भीमसिंह शेहरावत को सर्वसम्मति से प्रधान निर्वाचित किया गया है।

### नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पांचवा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान में संस्थान के उप प्रधानाचार्य जीवन कुमार जिंदल ने बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान मेजर वीरेंद्र सेकवाल ने नशा मुक्ति जागरूकता के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। बताया कि किस प्रकार नशा हमें व समाज को खोखला करता जा रहा है।

# प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के आदेश मानने को तैयार नहीं क्रशर संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

वायु की गुणवत्ता खराब होने पर लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। स्थिति नाजुक होने पर वायु गुणवत्ता सुधार आयोग ने दिल्ली एनसीआर समेत महेंद्रगढ़ जिले में ग्रेप-3 के नियम लागू कर दिए। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को तुरंत प्रभाव से क्रशरों व औद्योगिक इकाइयों को बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन धोलेड़ा, बिगोपुर, जैनपुर, खातोली, गांगोताना, बायल समेत विभिन्न जोन में क्रशरों पर धड़ल्ले से पत्थरों की पिसाई हो रही है। ऐसे में विभागीय आदेश मजाक बनकर रह गए, वहीं लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रकोप का खतरा बढ़ गया है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों की सीमा में संचालित 300 से अधिक क्रशरों पर रोजाना हजारों मैट्रिक टन पत्थरों की पिसाई होती है। जिसकी डस्ट से गांवों का प्रयावरण प्रदुषित बना हुआ है लेकिन दीपावली के बाद वायु की गुणवत्ता निरंतर खराब हो रही है। क्रशर जोन में 350 एक्यूआइ तक प्रदूषण होने का अनुमान है। धोलेड़ा, बिगोपुर, जैनपुर, खातोली गांव में डस्ट के कोहरे जैसी समस्या उत्पन्न हो गई। शिकायत मिलने पर वायु गुणवत्ता सुधार आयोग ने 11 नवंबर को जिले में ग्रेप-3 नियम लागू कर दिए। साथ प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को शक्ति पूर्वक आदेशों को लागू करने की हिदायत दी गई थी। विभाग के एसडीओ ने प्रत्येक संचालक को आदेशों की प्रति के साथ क्रशर बंद रखने के नोटिस थमाए थे। आदेशों की अवहेलना करने पर अपराधिक मुकदमा दर्ज करने का अल्टीमेटम दिया गया था लेकिन धरातल पर विभागीय आदेश हवा बनकर रह गए, क्योंकि सभी जोन के क्रशरों पर 24 घंटे पत्थरों की पिसाई हो रही है। जिस कारण पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा पर अंकुश नहीं लगा और लोगों को सांस लेना भी दुर्भर बना हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने समस्या से विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर अवगत करवा दिया, बावजूद कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## धोलेड़ा-बिगोपुर जोन में धड़ल्ले हो रही है पत्थरों की पिसाई



### कन्वेयरों पर पानी का नहीं होता छिड़काव

ग्रामीणों ने बताया कि क्रशर संचालक कन्वेयरों पर पानी का छिड़काव तक नहीं कराते। सूखी डस्ट उड़ने से करीब 15 किलोमीटर के दायरे में गांवों की हवा प्रदुषित बनी हुई है। क्रशर जोन के नजदीकी गांवों में दमा रोगियों को सांस लेना मुश्किल हो गया तथा ग्रामीणों को आंखों में जलन, छींक आना और एलर्जी जैसी बीमारी पनपनी आरंभ हो गई। प्रदूषण का फैलाव रात को सर्वाधिक होता है, समस्या से अवगत होने के बावजूद जिला प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है।

### डंपरों ने तोड़ी लिंक सड़कें, दुर्घटना का बढ़ा खतरा

अशोक कुमार, दलीप कुमार, महेशचंद, बिक्रम सिंह, संदीप कुमार ने बताया कि क्रशर जोन में आने-जाने वाले सभी डंपर ग्रामीण लिंक सड़कों का इस्तेमाल करते हैं। क्षमता से अधिक लोड पड़ने से मेघोत, जैनपुर समेत कई गांवों की सड़कें गड्ढों में तबदील हो गई। जहां छोटे वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा डंपरों से उड़ने वाली धूल ने गांवों में प्रदूषण की समस्या बढ़ा दी है।

### क्रशर संचालन पर पूर्ण प्रतिबंद, औचक निरीक्षण करेंगे

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ अनुज नरवाल ने बताया कि वायु की गुणवत्ता खराब होने पर ग्रेप-3 के नियम लागू हो गए हैं। धौलेड़ा, बिगोपुर समेत सभी संचालकों को माइंस व क्रशरों का संचालन बंद रखने की हिदायत दी है। आदेशों की अवहेलना पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा तथा औचक निरीक्षण करने की रूपरेखा बनाई गई है। उन्होंने बताया कि वायु की गुणवत्ता सामान्य होने तक ग्रेप-3 के नियम लागू रहेंगे।

### सड़क उखाड़कर भूली नपा, उबड़-खाबड़ मार्ग से लोग परेशान

# विधायक कंवर सिंह ने नारियल तोड़कर किया था शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

*बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को उबड़-खाबड़ मार्ग के चलते अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मोहल्ला खटीकान के लोगों को उठानी पड़ रही है*

शहर को स्टेट हाईवे से जोड़ने व मोहल्ला सराय से होकर गुजरने वाले मार्ग को ठेकेदार ने उखाड़कर छोड़ दिया गया है, जिससे मोहल्लावासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली से पहले उखाड़े गए, इस मार्ग का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जबकि एक महीने से अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को उबड़-खाबड़ मार्ग के चलते अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मोहल्ला खटीकान के लोगों को उठानी पड़ रही हैं, क्योकि वहां पर मुख्य रोड पर पानी बह रहा है।

बता दें कि शहर के मोहल्ला बास से स्टेट हाईवे-148बी तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का नवनिर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका की ओर से इसके लिए 49 लाख रुपये का बजट तय किया हुआ है। यह मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। सड़क जर्जर होने के चलते आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी फायदा होगा। यह मार्ग इंटरलॉकिंग टाइलों से बनना तय हुआ है था। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए थे। एक किलोमीटर मार्ग पर अनेक मोहल्ले पड़ते हैं। शहर को जोड़ने के लिए मोहल्ला सराय रोड, मोहल्ला सुनारों का, मोहल्ला धानकान, सराय खटीकान होते हुए 148-बी स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला यह सुगम मार्ग है। इस बदहाल मार्ग पर बरसात के समय में गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती थी। वहीं लोगों की ओर से किए गए अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो गया। इस मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघु सचिवालय, न्यायिक परिसर सहित मिस्त्री व अन्य मार्केट स्थित है। इसके बनने से शहर व गांवों से जाने वाले लोगों को लघु सचिवालय, तहसील में लोगों व कॉलेजों में विद्यार्थियों का आवागमन सुगम हो जाएगा।



महेंद्रगढ़। ठेकेदार द्वारा उखाड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि

### शीघ्र करवाएंगे शुरू

मोहल्ला सराय के रास्ते स्टेट हाईवे को जोड़ने वाले मार्ग के निर्माण कार्य को शुरू करवाने के लिए वह अधिकारियों से बात करेंगे। अगर ठेकेदार कार्य नहीं कर रहा, तो उसे नोटिस दिया जाएगा। इस काम को शीघ्र शुरू करवाया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

**-रमेश सैनी, चेयरमैन, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।**

### मोहल्ले के लोगों ने शीघ्र निर्माण की उठाई मांग

मोहल्लावासी दलीप, सुरेंद्र, संजय, अंकित, राजेश, अनिल ने बताया कि दीपावली समय तो लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा ही था, अब शादी-विवाह के सीजन में भी आवागमन में रुकावटें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 49 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस मार्ग का विधायक कंवर सिंह ने शुभारंभ किया था, लेकिन नपा प्रशासन की उदासीनता के कारण यह कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से इस मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को राहत मिल सके और उनका दैनिक आवागमन बिना किसी समस्या के सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने नगर पालिका व ठेकेदार से इस पर शीघ्र ध्यान देने की अपील की है।

# हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक में उठाए कर्मचारियों के हित के लिए मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जनरल मीटिंग यूनियन कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान सुभाष यादव ने की। मंच संचालन ब्रांच प्रधान दीपक शांडिल्य ने किया। मीटिंग का मुख्य एजेंडा महासंघ के आने वाले कर्मचारी चुनाव रहे।

प्रधान सुभाष यादव ने बताया कि चुनाव के लिए सभी कर्मचारी अपनी-अपनी तैयारी करें। मीटिंग में कर्मचारियों की समस्याओं को यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा सुना गया। एलटीसी 2020-23 टर्म पॉइंट की कर्मचारियों का वेतन 23900 करवाने बारे, सेल, साबुन दिलवाने, सेफ्टी किट दिलवाने, सभी कर्मचारियों को 7 तारीख से पहले वेतन दिलवाने व रेन कोट, जूता व डांगरी की पेमेंट करवाने, एचकेआरएन कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी करवाने व कर्मचारियों का बकाया वेतन दिलवाने के बारे में मुद्दों पर विचार–विमर्श संगठन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की और संगठन द्वारा सभी कर्मचारियों को आश्वस्त करवाया गया कि जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका निदान करवाया जाएगा।




नारनौल। मीटिंग करते हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान राकेश शर्मा, उपप्रधान तरुण यादव, मुख्य संगठनकर्ता कृष्णकांत, ब्रांच चेयरमैन गोपीचंद, उपप्रधान सुनील कुमार, खजांची मनोज शर्मा, प्रेमचंद, कुलदीप, भूपसिंह, नरेश गौड़, जयप्रकाश, शेखर सेन, पवन जांगड़ा, राजू, विष्णु, राजू यादव, प्रेस प्रवक्ता रोहतास, सुभाष सैनी व विक्रम आदि मौजूद रहे।

### गाड़ी तोड़ने और मारपीट करने के मामले में 4 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** आपसी कहासुनी को लेकर गाड़ी तोड़ने और मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सुरेन्द्र वासी नारनौल, मनीष वासी अकबरपुर रामू महेंद्रगढ़, निखिल वासी मौहल्ला रावका नारनौल, अनीश वासी डैरोली अहीर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों से वारदात में प्रयोग की गई कैम्पर गाड़ी और तीन डंडे बरामद किए हैं। शिकायतकर्ता साहिल वासी मूलौदी ने थाना शहर नारनौल में दी शिकायत में बताया कि वह बुलेरो गाड़ी बुकिंग पर चलाता है। लगभग दो-तीन साल पहले रघुनाथपुरा वासी मंयक के साथ उसकी बहस-बाजी हुई थी, इस बात को लेकर मंयक उसके साथ रंजिश रखे हुए था। 27 अक्टूबर की रात को लगभग नौ बजे वह और उसकी बुआ के लड़के के साथ होटल शेर पंजाब नारनौल पर खाना खाने के लिए आए थे और गाड़ी को सड़क के दूसरी तरफ खड़ा कर दिया था।

# नांगल चौधरी स्टैंड से खाटू श्याम की बस सुविधा आरंभ



नांगल चौधरी। खाटू श्याम के लिए रवाना हुई बस का अभिनंदन करते हुए दैनिक यात्री व शहर वासी।

- यात्रियों ने चालक-परिचालक का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्टैंड का उद्घाटन करते ही विभाग ने बसों का संचालन आरंभ कर दिया। महाप्रबंधक ने नांगल चौधरी से खाटू श्याम तक बस रूट निर्धारित कर दिया। मंगलवार को स्टैंड से रवाना हुई बस पर यात्रियों ने तिलक तथा चालक-परिचालक को माला पहनाकर अभिनंदन किया है। बस के संचालन से राजस्थान समेत 50 से अधिक गांवों को यातायात सुविधा मिल सकेगी।

राजू किलानिया, घनश्याम सैनी, लालाराम सैनी व विनोद कुमार ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर से लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। रोजाना सैकड़ों लोग निजी वाहन या ट्रेन से मंदिर पहुंचते हैं। जिससे यात्रियों को आर्थिक व समय के नुकसान का सामना करना पड़ता था। अब बस स्टैंड का उद्घाटन होते ही महाप्रबंधक ने नांगल चौधरी स्टैंड से बसों के संचालन का रूट और समय सारिणी निर्धारित कर दी।

# सरकारी शिक्षक से व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए 35 लाख की ठगी

**नारनौल।** साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन निवेश और शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा देकर एक सरकारी शिक्षक से 3513311 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ककराला निवासी सरकारी अध्यापक मदनपाल ने बताया कि 12 सितंबर को उन्हें व्हाट्सएप पर "चौला सिक्योरिटी ग्रुप" नामक ग्रुप में जोड़ लिया गया। ग्रुप में रोजाना हाई क्वालिटी स्टॉक, ओटीसी ट्रेड और आईपीओ में भारी मुनाफे का वादा किया गया। निवेश करने के लिए "चौला प्रो" नामक ऐप डाउनलोड करवाई गई और कहा गया कि यह ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म सिर्फ मेम्बरों के लिए है। मदनपाल ने शुरुआत में 20 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से जमा किए और अगले दिन 10 प्रतिशत मुनाफा दिखाया गया। इसी तरह लगातार राशि डालने के लिए प्रेरित किया गया। बाद में उन्हें "रूबीकेन रिसर्च आईपीओ" में 8282 शेयर अलॉट होने का दावा दिखाया गया, जिसकी कीमत 13 लाख से अधिक बताई गई। जब उन्होंने इतनी बड़ी रकम डालने से मना किया तो अकाउंट फ्रीज करने की धमकी दी गई। इसी डर से उन्होंने 7,10,000 रुपये आरटीजीएस से भेज दिए। इसके बाद एक के बाद एक "सर्विस फीस", "लॉकअप पीरियड", "ओटीसी ट्रेड", "टैक्स" आदि के नाम पर लाखों रुपये जमा करवाए गए। कुल मिलाकर पीड़ित ने 35 लाख से ज्यादा की राशि अलग-अलग खातों में भेज दी। रकम निकालने की कोशिश करने पर नए-नए बहाने बनाकर और पैसे भेजने का दबाव बनाया जाता रहा।

# 25 नवंबर को 2 घंटे हड़ताल कर सकते है चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) की सीधी भर्ती करने के विरोध में मंगलवार को सिविल अस्पताल में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ विवेक शर्मा ने की। बैठक के दौरान एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध किया गया

इस अवसर पर जिला प्रधान ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संशोधित सुनिश्चित कैरीअर प्रगति (एसीपी)जिसकी मांग पिछली सरकार ने 27 जुलाई 2024 को मान ली गई थी। उसके ऊपर आज तक अध्यादेश जारी नहीं हुआ है। इसको लेकर भी विरोध प्रकट किया गया। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा बुलाई गई। 25 नवम्बर को दो घंटे की हड़ताल के ऊपर भी चर्चा हुई और उपस्थित सभी चिकित्सक अधिकारियों ने अपना समर्थन दिया।

बैठक के दौरान जिला महासचिव डॉ पंकज यादव, जिला उपप्रधान डॉ कुदरत, संयुक्त महासचिव डॉ दीपांशु वशिष्ठ, जिला मीडिया प्रभारी डॉ मनीष यादव, पूर्व जिला प्रधान डॉ अनिल यादव मनोरोग विशेषज्ञ, डॉ अनुज यादव एनेस्थेटिस्ट, डॉ जितेंद्र यादव फिजिशियन, डॉ होशियार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ कृष्ण कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ कंवर सिंह सर्जन, डॉ अश्वनी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ अजय ग्रोवर सर्जन और अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक करते चिकित्सक।

### मारपीट के मामले में एक आरोपित पकड़ा, लोहे की पाइप बरामद

**नारनौल।** आपसी रंजिश के चलते मारपीट कर चोटें मारने के मामले में थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने एक आरोपित संजय वासी मोहनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से वारदात में प्रयोग किया हुआ लोहे का पाइप बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित से उसके अन्य साथियों के बारे में पता लगाया, जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। शिकायतकर्ता बताया कि करीब छह-सात दिन पहले मोहनपुर के रहने वाले दीपक व निखिल ने उसको धमकाया कि दोस्ती संजय कालबा से है, इसलिए एक सप्ताह में इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। 11 नवंबर को समय करीब 10-10:30 बजे जब वह अपने काम से चाय पीने के लिए दुकान से बाहर आया तो संजय, निखिल व अन्य दो लड़कों ने मोटरसाईकिल के चैन सैट से निकले हथियार व लोहे की रॉड व डंडों से उसके ऊपर हमला कर दिया।

### सरकारी तथा निजी सभी शिक्षण संस्थानों को पोर्टल पर देना होगा केवाईसी

# छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- विद्यार्थियों को समयबद्ध तरीके से मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

हरियाणा सरकार ने केंद्र प्रायोजित दो प्रमुख योजनाओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से लागू करने का निर्णय लिया है। इससे छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों को बहुत बड़ी सहूलियत होगी। इसी पोर्टल के क्रियान्वयन के संबंध में मंगलवार सेवा विभाग के संयुक्त निदेशक जयप्रकाश ने राज्य के सभी नगराधीश तथा जिला समाज कल्याण अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से नगराधीश डॉ मंगलसेन ने बैठक में हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से शुरू की गई छात्रवृत्ति योजनाओं के सुचारु कार्यान्वयन के लिए जिला नोडल अधिकारियों के पंजीकरण के कार्य को तुरंत करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति (एस.सी.) के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ई.बी.सी.) तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जनजाति (डी.एन.टी.) के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं को इस पोर्टल के माध्यम से दिया जाएगा।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद नगराधीश डॉ मंगलसेन।

### छात्रवृत्ति पोर्टल पारदर्शिता हेतु नोडल अधिकारियों को निर्देश

बैठक में सभी नगराधीशों को जिला नोडल अधिकारी के रूप में तत्काल पंजीकृत करने और पंजीकृत संस्थान नोडल अधिकारियों से मान्य संस्थानों के अनुमोदन को सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर नए संस्थानों को ऑन-बोर्ड करने के लिए केवाईसी (ग्राहक को जानें) पंजीकरण फॉर्म भरना अनिवार्य है। यह कार्य जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि इस नई प्रणाली का मकसद सिस्टम में और अधिक पारदर्शिता लाना तथा छात्रों को समयबद्ध तरीके से छात्रवृत्ति का लाभ देना है। इस बैठक में जिला कल्याण अधिकारी अमित शर्मा तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



## पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



## सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

### हॉलीवुड मसाला



## टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।




## अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



## बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



## एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

### टीवी मसाला

## विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

### अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

## 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

## अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

### अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

## पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**नारनौल।** राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्त अभियान के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मंगलवार कॉलेज स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नशा मुक्त अभियान की प्रभारी डा. रेखा कुमारी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया एवं नशे से होने वाली शारीरिक तथा मानसिक विसंतियों के बारे में विस्तार से समझाया। नशा आज युवाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है जहां युवाओं को देश की प्रगति एवं विकास में सहयोग करना चाहिए वहां वे नशे के आदि बनकर अपनी उर्जा को गलत दिशा में खर्च कर रहे है।

### योजनाओं की जानकारी के लिए पोर्टलों से जुड़े युवा

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें तथा देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। एसडीएम ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं, जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं।

### बस स्टैंड पर बने सुलभ शौचालय का नगर परिषद ने करवाया हुआ है निर्माण

# बस स्टैंड पर शौचालय में लघुशंका करने पर वसूले जा रहे 5 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बस स्टैंड पर बनाए गए सुलभ शौचालय में लघुशंका (पेशाब जाने) के पांच रुपये वसूले जा रहे हैं। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने इसकी शिकायत करते हुए नगर परिषद एवं सरकार से पेशाब जाने का निःशुल्क कराने की मांग की है।

- पेशाब करने का शुल्क वसूलने पर लोगों को हो रही परेशानी

बता दें कि नगर परिषद ने बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क मार्ग पर एक सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया हुआ है। यह दो मंजिल का है। प्रथम तल पर जहां शौचालय बनाया हुआ है, वहीं द्वितीय तल को रैन बसेरे के रूप में उपयोग किया जा रहा है। कमाल की बात है कि प्रथम तल पर बनाए गए सुलभ शौचालय में महज पेशाब करने के लिए जाने पर लोगों से पांच रुपये शुल्क वसूला जा रहा है। इसका बाकायदा एक नोटिस भी दीवार पर चस्पाया हुआ है और वसूली के लिए केयरटेकर भी बैठा रहता है, जो वहां आने-जाने वालों से पेशाब के पांच रुपये एवं टॉयलेट यूज करने पर 10 रुपये की वसूली कर रहा है। पेशाब जाने को लोग निःशुल्क मानते हैं और दिन में अनेक बार पेशाब करने आने वाले लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। पेशाब जाने के पैसे मांगने पर लोगों को आश्चर्य हो रहा है। लोगों का मानना है कि पेशाब जाने के देश के किसी कौने में अब तक पैसे नहीं दिए हैं। हां, शौचालय उपयोग करना हो, तब जरूर पैसा दिया है, लेकिन यहां केयरटेकर के तौर पर बैठा व्यक्ति अपना रौब झाड़ता है तथा पैसा नहीं देने वालों को बगैर पेशाब करवाए ही जबरदस्ती वापस भेज देता है। इससे आमलोगों को परेशानी हो रही है। महिलाएं बाथरूम यूज करने पर केयरटेकर को पांच रुपये अदा भी कर रही हैं। इसी प्रकार अनेक पुरुष भी उसे पांच रुपये आसानी से देकर चल जाते हैं तो कईयों से इस पांच रुपये को लेकर बहसबाजी भी हो जाती है।




नारनौल। बस स्टैंड पर बना सुलभ शौचालय। व शुल्क के लिए दीवार पर लगा नोटिस। फोटो : हरिभूमि

#### यह बोले लोग

पीड़ित नागरिक संजय सैनी ने बताया कि वह आज दोपहर बाद बस स्टैंड पर बने सुलभ शौचालय में पेशाब करने के लिए गया था। जहां पर एक व्यक्ति मौजूद था। उस व्यक्ति ने उससे पांच रुपये मांगें, जिस पर उसने उसे पांच रुपये नहीं दिए। उससे पूछा भी कि जब पूरे देश में पेशाब जाने के पैसे नहीं लिए जाते तो यहां पर क्यों लिए जा रहे हैं। इस पर उसने कहा कि दीवार पर लगे नोट को पढ़ ले और जो कुछ करना है, कर ले। पांच रुपये दिए बगैर वह उसे शौचालय प्रयोग नहीं करने देगा तथा उसे वापस कर दिया। इससे उसको परेशानी हुई। संजय सैनी ने बताया कि ऐसा वह अन्य लोगों के साथ भी कर रहा था। किसी से पैसे मांग रहा था तो कोई बगैर पैसे दिए भी लघुशंका करके आ रहा था, लेकिन उसे नहीं जाने दिया।

#### यह बोले अधिकारी

*सुलभ शौचालय की देखरेख में लगे सीटीएल दीपक दुबे ने बताया कि यह शौचालय नगर परिषद का बनाया हुआ है, लेकिन नगर परिषद ने इसका संचालन करने के लिए इस शौचालय को सुलभ इंटरनेशनल कंपनी को हैंडओवर किया हुआ है। इस शौचालय की देखरेख के लिए कंपनी ने ही एक कर्मचारी को रखा हुआ है तथा इसकी स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर भी पैसा खर्च होता है। कर्मचारी को सेलरी भी देनी पड़ती है। इसे मेनटेन करके रखना होता है। टॉयलेट में कोई खराबी हो जाए तो उसकी मरम्मत भी करवानी पड़ती है। शुल्क कंपनी के मुताबिक ही लिया जा रहा है तथा इसमें कुछ भी गलत नहीं है।*

# हैप्पी स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारतीय खेल प्राधिकरण एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पहली बार देश के 300 जिलों में एकसाथ आयोजित हो रही अस्मिता जिला एथलेटिक्स लीग में दनचौली स्थित उल्लेखनीय जेसी स्पोर्ट्स क्लब में हैप्पी स्कूल के खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए जिले का नाम रोशन किया। स्कूल के उभरते हुए एथलीट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एकबार फिर यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन व कठिन परिश्रम से सफलता निश्चित है। अंडर 16 श्रेणी की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। 600 मीटर दौड़ में मनीषा ने जबरदस्त स्पीड के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। शॉटपुट स्टैंडिंग में महक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। जैवलिन थ्रो में अपनी बेहतरीन तकनीक का परिचय देते हुए महक ने गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया। लॉन्ग जंप में मनीषा ने एकबार फिर अपनी योग्यता साबित करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ।

#### विजेता किए सम्मानित

इन सभी विजेताओं की सफलता में विद्यालय के समर्पित खेल प्रशिक्षक नरेश तंवर व प्रिंस कुमार का विशेष योगदान रहा। जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई।

### नशे के खिलाफ जागरुकता शिविर लगाया

**नारनौल।** हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की तरफ से मंगलवार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (बाल) में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्ष गांठ पर नशा के खिलाफ जागरुकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केन्द्र से परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में रोहताश सिंह रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति भारत अभियान का उद्देश्य समाज को नशाखोरी के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### नवजीवन अस्पताल मानवता की सेवा का माध्यम बनेगा



**महेंद्रगढ़।** राव तुलाराम चौक पर नवजीवन हॉस्पिटल का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनू कुमार यादव, वरिष्ठ स्त्री रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा यादव ने अत्याधुनिक सुविधाओं वाला हॉस्पिटल ग्रामीण परिवेश वाले इलाके में शुरू करके एक बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने आशा करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के जिले और आसपास के इलाके को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा शिशु व माता को एक ही छत के नीचे मिल पाएंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में बसई के पूर्व सरपंच हरिओम सिंह, पूर्व सरपंच रोहतास सिंह, रनबो हॉस्पिटल के संचालक डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. नवीन कुमार, पूर्व सरपंच डालूसिंह, पूर्व सरपंच रोहतास सिंह, मास्टर ताराचंद, डॉ. मेजर सूरत सिंह, वीबीएन स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, नरेश ठेकेदार, यादव सभा के प्रधान अभय सिंह यादव, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन विजेंद्र यादव सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटेली सीएचसी में हुई तीसरी सीजेरियन डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एफआरयू में तीसरी बार सिजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक कराया गया। गांव बिहाली की निवासी ज्योति बाई ने ऑपरेशन के जरिए स्वस्थ बेबी को जन्म दिया। इस सफल ऑपरेशन के बाद, ग्रामीण क्षेत्रों में अब सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा का विस्तार हुआ है। इस ऑपरेशन टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अनुज, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशी भाटिया तथा एफआरयू अटेली का पैरामेडिकल स्टाफ शामिल था। एफआरयू अटेली के प्रभारी डॉ. विजय कुमार यादव समन्वय में अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि जिले में चार एफआरयू नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना और अटेली संचालित हैं, सिजेरियन डिलीवरी की सेवा शुरू की गई है। इस अटेली हॉस्पिटल में दूसरी तीसरी सिजेरियन डिलीवरी उपलब्धि के बाद स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है और इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि अटेली और कनीना सीएचसी में अब सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध होने से स्थानीय महिलाओं को दिल्ली-जयपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।



मंडी अटेली। अटेली सीएचसी में तीसरी सीजेरियन डिलीवरी करने के बाद स्टाफ।

## अटाली में सरपंच ने घोड़ी पर बैठाकर निकाला बेटी का बनवारा



**मंडी अटेली।** बदलते वक्त के साथ अब न सिर्फ लोगों की सोच बदल रही है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए भी अभिप्रेरणा का कार्य किया जा रहा है। बेटी को बेटे की तरह ही सम्मान दिया जाने लगा है, जो बहुत ही सुखद बात है। ऐसा अभिप्रेरित कार्य सिहमा खंड के गांव अटाली में वर्तमान सरपंच जीतपाल के घर देखने को मिला है। सरपंच की बेटी आरती यादव घोड़ी पर दूल्हे की तरह सजी-धजी बेटी बैठी नजर आई। सरपंच की बेटी आरती यादव बी फार्मा कर रही है। उनके परिजनों ने आरती का रिश्ता जिले के गांव खेड़ा महेंद्रगढ़ निवासी प्रियजीत यादव के साथ तय किया है। इस शादी को लेकर परिजन सारी रस्में लड़कों की तरह निभा रहे हैं। वहीं लड़की की दादी लीलावती ने बताया कि उनकी पोती घोड़ी पर इसीलिए बैठी है कि समाज में लड़की-लड़के को एक बराबर का दर्जा मिले। लड़की की माता अमर कला ने बताया कि उनकी लड़की आरती कि बिना दहेज रहित शादी की जा रही है।

# स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मोहल्ला पुरानी सराय में जीआईसीई कम्प्यूटर सेंटर के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

सेंटर संचालक श्यामलाल सैनी ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान राजकुमार यादव मौजूद रहे। वहीं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के डा. संजय शर्मा, डा. जितेंद्र भारद्वाज तथा भाजपा नेता राकेश यादव एडवोकेट विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि हमें अपने जीवन में एकबार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। हमारे द्वारा दिए गए रक्त से किसी की जिंदगी को हम बचा सकते हैं। यह दान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने बताया कि आजकल दुर्घटनाएं ज्यादा होने लग गई हैं। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त घायल लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इस मौके पर समाजसेवी संस्थाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें हरित वसुंधरा समिति के प्रधान हर्ष सैनी व उनकी टीम को क्षेत्र में हरियाली के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा जनसेवा ट्रस्ट के प्रधान टिंकू व केशव सैनी तथा उनकी टीम को रक्तदान के क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया।




नारनौल। रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि फोटो : हरिभूमि

### विश्वविद्यालय का आधार है शोध और नवाचार

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष हरीश कुमार को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन ऑफ कैमेस्ट्री टीचर एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अवार्ड 2025 प्रदान किया। विवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने प्रोफेसर हरीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक समाज की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं और वह इस प्रकार का शोध कर रहे हैं, जो कि देश की उन्नति और प्रगति में सहायक हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल, स्टार्टअप, कौशल और नवाचार को ध्यान में रखकर शोध को नई ऊंचाई पर लेकर जा रहा है। प्रो. हरीश कुमार को यह अवार्ड उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में होमी भाभा सेंटर साइंस एजुकेशन तथा टाटा इंस्टीटयूट के सहयोग से प्रदान किया गया।

## बदली होने पर कनीना के बीडीपीओ को दी विदाई



**कनीना।** एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदली होना सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे अधिकारी व कर्मचारी को घबराना नहीं चाहिए। कनीना एक बीडीपीओ कार्यालय रहा है जहां आमजन भाईचारे की भावना को अधिक महत्व देते हैं। ये बातें पंचायत समिति कनीना के चेयरमैन जयप्रकाश यादव व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान धर्मबीर सिंह यादव कोटिया ने बीडीपीओ नवदप सिंह की बदली होने पर कार्यालय में आयोजित विदाई पार्टी में कही। उन्हें करीब डेढ़ साल पूर्व कनीना में बीडीपीओ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। बीडीपीओ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्थानांतरण की विदाई। इस मौके पर उप प्रधान डिम्पल कैमला, वीरेंद्र सीहोर, मिंटू गोमला, अजय करीरा, कुलदीप सिंह, दलबीर सरपंच, जर्मन सरपंच, बलवान छितरौली, उमेद सिंह इसराना, सरपंच हरीश सरपंच, सुन्दरलाल ककराला, हिम्मत मौजूद थे।

# 'अस्मिता खेल से ही पहचान' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एथलेटिक्स फेडरेशन इंडिया द्वारा अंडर 14 में अंडर 16 लड़कियों के लिए अस्मिता अध्यक्ष खेलों का आयोजन देशभर के 300 जिलों में किया जा रहा है। यह जानकारी जिला एथलेटिक संघ सचिव प्रदीप यादव ने देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य खिलाड़ियों के हुनर को पहचानना व उनके खेलों में भागीदारी बढ़ाना है। इसी के अंतर्गत जिला महेंद्रगढ़ के जेसी स्पोर्ट्स क्लब दनचोली में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेवार में 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायथलॉन ए विजेता प्रथम साक्षी पर आदित्य जानवी और तृतीया पर जैस्मिन ट्रायथलॉन बी में प्रथम लावण्या देते रितिका तृतीय मानसी ट्रायथलॉन सी में प्रथम प्रांजल द्वितीय प्रियांशी ट्रायथलॉन किड्स जैवलिन थ्रो में प्रियांशी प्रथम आदित्य मानसी तृतीय सिया यह अंडर 14 ग्रुप के विजेता है। अंडर 16 के विजेताओं में 60 मीटर प्रथम देवन, आदित्य द्वितीय, मुस्कान तृतीय, 600 मीटर में प्रथम मनीषा, आदित्य द्वितीय, आरती तृतीय, ऊंची कूद में प्रथम जानवी, द्वितीया जिया, तृतीय अंशु, लंबी कूद में प्रथम मनीषा, आदित्य द्वितीय, देवन तृतीय, चक्का फेंक में प्रथम प्रिया, आदित्य घनिष्ठ तृतीय सपना, गोला फेंक में प्रथम लक्की, द्वितीय महक, तृतीय अक्षर, भाला फेंक में प्रथम महक, आदित्य, किरण, आदित्य, दीपिका यह सब विजेता खिलाड़ी बने। इस पर समारोह के मुख्य अतिथि अंतर राष्ट्रीय मास्टर्स एक्स एथलेटिक्स पदक विजेता रचना यादव ने खेलों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।



नारनौल। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।



नारनौल। डी-प्लान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

### डीसी ने की डी-प्लान के विकास कार्यों की समीक्षा

**नारनौल।** सरकार व जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी विकास कार्य निश्चित अवधि में पूरे हों ताकि आम नागरिकों को इसका लाभ मिले। अगर कोई अधिकारी सही समय पर कार्य नहीं करवाया तो उसके खिलाफ कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। सरकार इस मामले में बहुत गंभीर है। ये निर्देश उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार लघु सचिवालय में डी-प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। डीसी ने इस वर्ष के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बजट उपलब्ध होते ही सही समय पर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। अगर टेंडर सफल नहीं होता है तो तुरंत दूसरा टेंडर कॉल किया जाए। इस मामले में अधिक देरी नहीं होनी चाहिए। अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य पूरा होते ही तुरंत प्रभाव से जिला परिषद को बिल भेजा जाए और उसका यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट भी भेजा जाए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह तथा सभी बीडीपीओ, नगर परिषद तथा नगर पालिका के अधिकारी मौजूद थे।

**मिलेग सम्मान** | महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 1 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन : डीसी कैप्टन मनोज कुमार

# श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

- 5 लाख व प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार 2025-26 के श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक महिलाएं पुराना लघु सचिवालय प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एक दिसंबर तक

#### आवेदन के लिए ये हैं शर्तें

1. नामित व्यक्ति का जन्म हरियाणा में हुआ हो और वह महिलाओं के हित में कार्य कर रहा हो।
2. संबंधित क्षेत्र में नामांकित व्यक्ति की उपलब्धियां स्पष्ट और अच्छी तरह से प्रलेखित होनी चाहिए।
3. नामांकन की तिथि पर नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए।
4. नामांकित व्यक्ति की उपलब्धियों का सत्यापन किया जाना चाहिए और उनका वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
5. उस महिला को वरीयता दी जाएगी जो अत्यधिक संघर्ष और कठिनाइयों के बाद जीवन की मुख्यधारा में आई हो।
6. चयन का एकमात्र मानदंड उसका प्रदर्शन और महिलाओं के हित के लिए उसका समर्पण होगा।
7. नामित व्यक्ति को निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस/उपायुक्त को आवेदन करना होगा तथा शपथ पत्र के साथ यह घोषणा करनी होगी कि उसके/संस्था के विरुद्ध किसी भी फोरम/विभाग/न्यायालय में जांच के लिए कोई प्रतिकूल मामला लंबित नहीं है तथा भविष्य में कोई गलत सूचना/कुप्रबंधन पाए जाने पर पुरस्कार तथा धनराशि सरकार को वापस कर दी जाएगी।

इसके बाद गठित कमेटी की सिफारिश पर मुख्यालय पर भेजा जाएगा। यह जानकारी देते कुमार ने बताया कि यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को स्वराज पुरस्कार के लिए पांच लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के दूरभाष नंबर 01282-252331 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। आवेदन करने के लिए योग्यताएं व शर्तें विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

# विभागीय कार्यप्रणाली सुधार व सुरक्षा मजबूत करने को उठाए गंभीर मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सब यूनिट सब अर्बन नारनौल की ओर से कर्मचारियों की सुरक्षा, सेहत और विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर कई अहम मुद्दे प्रबंधन के समक्ष उठाए गए। यूनिट प्रतिनिधियों ने विस्तृत पत्र सौंपते हुए कहा कि फील्ड व पावर हाउस में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि पिछले वर्षों में कई हादसों में कर्मचारियों को गंभीर नुकसान उठाना पड़ा है।

#### खली पदों को जल्द भरा जाए

यूनिट ने मांग की कि सभी कर्मचारियों को नियमित सेफ्टी वर्कशॉप, प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके। इसके साथ ही पावर हाउस और फील्ड में लंबे समय से खाली पड़े पदों पर तत्काल भर्ती करने की आवश्यकता जताई गई, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। टूल किट, सुरक्षा सामग्री और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। यूनिट ने कहा कि सभी पावर हाउसों में नाइट शिफ्ट के दौरान अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। वहीं फ्लोटर रिक्टिफिकेशन जैसे जोखिमपूर्ण कार्य के दौरान यह नियम लागू किया जाए कि बिना अतिरिक्त कर्मचारी की उपस्थिति के कोई भी लाइनमैन फील्ड में न उतरे। शिकायत केंद्रों पर भी पर्याप्त स्टाफ नियुक्त करने की मांग की गई, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित हो सके। साथ ही मेंटेनेंस से जुड़े सभी उपकरण व सामग्री समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान यूनिट प्रतिनिधियों ने एसडीओ लोकेश कुमार से मुलाकात कर सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।